बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

एकीकृत 69वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा

दिनांक– 30.09.2023 को आयोजित की जाने वाली एकीकृत 69वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा के लिए दिनांक–15.09.2023 से प्रवेश–पत्र (e-Admit Card) डाउनलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है, जिसमें अभ्यर्थी का आवंटित परीक्षा केन्द्र कोड (Centre Code) एवं जिला का नाम दर्ज है। **दिनांक 26.09.2023 से अभ्यर्थी आवंटित परीक्षा केन्द्र का पूर्ण विवरण अपने Dashboard में Login करने के उपरांत देख सकते हैं।**

नोटः–1. कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा सूचित किया गया है कि e-Admit Card में अद्यतन फोटो अपलोड करते समय गलत फोटो अपलोड होने के कारण e-Admit Card में द्वितीय फोटो अन्य व्यक्ति का फोटो दर्ज हो गया है। अतः ऐसे अभ्यर्थियों को गलत फोटो Edit कर सही फोटो दुबारा अपलोड करने के लिए अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आयोग के डैशबोर्ड पर **दिनांक–26.09.2023 से 29.09.2023 तक** लिंक दिया जायेगा। उक्त तिथि के बाद किसी तरह का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

2\. सभी अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र (e-Admit Card) की एक अतिरिक्त प्रति अपने साथ परीक्षा केन्द्र ले जाना सुनिश्चित करेंगे एवं परीक्षा अवधि में वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर कर उन्हें सुपूर्द कराना सुनिश्चित करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना